विश्वगीताप्रतिष्ठानम् देवास का सूर्य उपासना एवं नवसंवत्सर 2083 अभिनंदन आयोजन संपन्न

देवास। नव संवत्सर चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के आगमन पर मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग और विश्वगीताप्रतिष्ठानम् देवास के संयुक्त आयोजन में अपनी परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखते नगर की गौरव स्थली शिवाजी उद्यान पर सूर्य उपासना एवं नवसंवत्सर 2083 अभिनंदन का गरिमामय आयोजन सम्पन्न हुआ। विश्वगीताप्रतिष्ठानम् सप्त उत्सव प्रमुख रमेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रान्त कोष प्रमुख नरेन्द्र शर्मा, प्रान्त शिक्षण प्रमुख डॉ मनीषा सोनी, संयोजक कृष्णकांत शर्मा के निर्देशन में विभावरी बेला में गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप-प्रज्ज्वलन, गुड़ी पूजन किया गया, सह संयोजक जितेन्द्र त्रिवेदी ने स्वस्तिवाचन, शंखनाद से वातावरण दिव्य कर दिया। नगर के गणमान्य नागरिकों ने गीताजी की आरती की, सूर्यनारायण देवता को सभी ने सामूहिक अर्घ्य दिया, वैदिक मंत्रोच्चार, जय घोष ने सम्पूर्ण वातावरण को दिव्य बना दिया।उपस्थित सभी को स्वस्ति तिलक, नवसंवत्सर का औषधीय प्रसाद गुड़ धनिया नीम कोंपल प्रसाद वितरण किया गया, शिक्षाविद गेरूलाल व्यास ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नवसंवत्सर की शुभकामना दी। ब्राह्मण समाज वरिष्ठ मधुसूदन शर्मा ने अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन में कहा कि आओ गर्व करें अपने पूर्वजों पर, जयति पुण्य सनातन संस्कृति, जयति पुण्य भूमि भारत। घनश्याम जोशी, एस एन आर्य द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का सारस्वत सम्मान उत्तरीय वस्त्र और स्वस्तिवाचन से किया गया। इस अवसर पर अरुण शैव, नृत्युगुरु प्रफुल्ल सिंह गहलोत, रोहित सिंह गुर्जर, हजारीलाल जाट, अशोक बुनकर, पंकज प्रधान, दिनेश शर्मा, राकेश तिवारी, श्री श्रीवास्तव, मुक्ति शर्मा, शांताराम पाटिल, अशोक वर्मा, हेमचंद्र आर्य, नरेन्द्र दुबे, अनिल आर्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेश जोशी ने तथा आभार कमलकांत मेहता ने व्यक्त किया।

शून्य और अनंत गणित के दो अनमोल रत्न

कृष्णकांत शर्मा ने भारतीय कालगणना के महत्व पर अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि शून्य और अनंत गणित के दो अनमोल रत्न हैं। रत्न के बिना जीवन चल सकता है,परन्तु शून्य और अनंत के बिना गणित कुछ भी नहीं। भारतीय काल गणना परमाणु और अणु की सूक्ष्मतम इकाई से लेकर ब्रह्मा जी के एक दिन कल्प और ब्रह्मा जी की पूर्ण आयु भगवान श्री हरि के एक निमेष तक की विराटतम गणना पर प्रकाश डाला ,जिसमें परमाणु,अणु, त्रसरेणु,त्रुटि से लेकर प्रहर, दिन ,सप्ताह,मास ऋतु, अयन, संवत्सर ,दिव्यवर्ष युग मन्वंतर ब्रह्मा की आयु के साथ श्री हरि के काल से परे स्वरूप इत्यादि पर अपने विचार व्यक्त किये।

चैत्र नवरात्रि शुरू, माता टेकरी पर उमड़ी भक्तों की भीड़

देवास। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही प्रसिद्ध माता टेकरी पर भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। पहले दिन सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता चामुंडा और माता तुलजा भवानी के दर्शन के लिए पहुंचे। नवरात्रि के प्रथम दिवस पर सुबह की आरती में भी काफी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

दोनों माताओं का विशेष श्रृंगार किया गया है और मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। प्रशासनिक स्तर पर माता टेकरी पर श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। गर्मी को देखते हुए पूरे परिक्रमा मार्ग पर पानी की व्यवस्था की गई है, साथ ही श्रद्धालुओं के लिए कारपेट बिछाए गए हैं और जगह-जगह छाया के लिए टेंट लगाए गए हैं। बड़ी माता मंदिर के पुजारी मुकेश नाथ ने बताया कि नवरात्रि के दौरान लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। इस वर्ष भी लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसमें सीढ़ीद्वार और रपट मार्ग पर विशेष जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

कलेक्टर सिंह ने टेकरी पहुंचकर की पूजा अर्चना

देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माताजी की टेकरी पहुंचकर सपत्नीक पूजा-अर्चना की तथा मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा से जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान एसडीएम अभिषेक शर्मा, तहसीलदार सपना शर्मा, तहसीलदार पूजा भाटी, नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर अन्य संबंधित उपस्थित थे।

डॉक्टर, एंबुलेंस व्हीलचेयर तैनात

टेकरी पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात की गई है। डॉक्टर, एंबुलेंस, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर और दमकल 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को माताजी की टेकरी पर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मंगलतिलक लगाकर गुड़ धनिया खिलाकर नववर्ष मनाया

देवास। नववर्ष वर्ष प्रतिपदा गुडीपड़वा वैश्य उत्पत्ति दिवस के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सभी को मंगल तिलक लगाकर एवं सभी को गुड धनिया खिलाकर शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष डॉ रजनीश पोरवाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस नव वर्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर एवं विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विशेष अतिथि अग्रवाल समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल एवं युवा प्रदेश प्रभारी गौरव गुप्ता तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अशोक सोमानी ने की। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी का पुष्पहार द्वारा स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में भगवान गोयल, विजय गोयल, आलोक अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, जगदीश गर्ग , राजेश अग्रवाल, हेमंत गोयल, मनोज बिंदल, महेश अग्रवाल, सौरव गुप्ता, राजेंद्र विजयवर्गीय, शिव संघवी आदि उपस्थित थे।

प्रियंका यादव का सहायक प्रधानाध्यापक के पद पर चयन

भौंरासा। नगर से लगे ग्राम पोलाय जागीर की रहने वाली बेटी प्रियंका यादव का सहायक प्रधानाध्यापक के पद पर चयन हुआ। पिछले दिनों मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 2022 के परिणाम घोषित किए गए थे जिसमें अध्यापक राजेंद्र सिंह यादव की बेटी प्रियंका यादव द्वारा परीक्षा में भाग लिया था। घोषित हुए परिणाम के चलते प्रियंका ने अच्छे अंक प्राप्त किए जिससे उनका सहायक प्रधानाध्यापक पद पर चयनित हुआ इस सफलता का श्रेय उन्होंने अध्यापक अपने पिता राजेंद्रसिंह यादव को दिया और कहा कि पिता का मार्गदर्शन ओर परिवार का पूर्ण सहयोग मिला।

एक नजर में

रुक्माबाई को दी श्रद्धांजलि

भौंरासा। नगर के शिवनारायण कुंभकार की धर्मपत्नी एवं सोम सूरज की माताजी स्व. रुक्मा बाई का पिछले दिनों निधन हो गया। मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल,पूर्व न,प,अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, नरेंद्र माली, मनोज शुक्ला, अभय नागर, मनोज जोशी, प्रदीप मंत्री, जीवनसिंह ठाकुर, अजहर खान, साजिद खान,अंकित मालवीय,हिम्मतसिंह ठाकुर, किशोर वर्मा, कमल यादव मानसिंह ठाकुर,मदन प्रजापति,गंगाराम प्रजापति, जगदीश कुमार, राजेंद्र प्रजापति गैरेज, किशोर कुमार,अनिल कुमार,सुनील राठौर, ओमप्रकाश कारपेंटर, युवराज राजपूत, शिवशंकर कुंभकार, संतोष कुंभकार आदि नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की

सकल गुर्जर महासभा का मिलन समारोह

नेमावर/टोंकखुर्द। नेमावर स्थित श्री गुर्जर समाज धर्मशाला

में स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह पटेल (गुर्जर) और उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय सरस्वती देवी के पुण्य स्मरण में सकल गुर्जर समाज महासभा मध्य प्रदेश का प्रतिनिधि सम्मेलन एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मां नर्मदा के पावन तट पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान श्री देवनारायण जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत भाषण डॉ. अमर सिंह गुर्जर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन सकल गुर्जर समाज महासभा मध्य प्रदेश के प्रदेश संयोजक रमेश गुर्जर के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश के 30 से अधिक जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि प्रदेश में गुर्जर समाज के विभिन्न संगठनों का विलय कर एक मजबूत एवं एकीकृत संगठन सकल गुर्जर महासभा मध्य प्रदेश का गठन किया जाए। सम्मेलन में समाज की एकता पर विशेष बल देते हुए कहा गया कि वर्तमान में चल रही जाति जनगणना को ध्यान में रखते हुए सभी समाजजन अपने नाम के साथ गुर्जर उपनाम का उपयोग करें, जिससे समाज की वास्तविक जनसंख्या का सही आकलन हो सके। कार्यक्रम को हरदा विधायक रामकिशोर दोगने, मांधाना विधायक नारायण सिंह पटेल, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने संबोधित किया। विशेष रूप से महिला मोर्चा सदस्य सेवंती देवी डोडे (सतवास), शाजापुर जिला अध्यक्ष डॉ. कवि ऋतुराज सिंह गुर्जर, एडवोकेट डॉ. आर.आर. गुर्जर (हरदा), तराना कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह सोंती सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक नारायण सिंह पटेल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामकिशोर दोगने उपस्थित रहे एवं विशेष अतिथि के रूप में विधायक आशीष शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, पूर्व मीडिया प्रभारी वरुण गुर्जर, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश सिंह गुर्जर, संपर्क प्रभारी बबलू सिंह गुर्जर, वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा, पूर्व सरपंच राजेश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रसाद माल्या ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमर सिंह गुर्जर (कन्नौद) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी आगंतुकों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया। जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता निर्भय सिंह कराड़ा ने दी।

अवैध रेत परिवहन करते 4 वाहन जब्त

देवास। जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम ने कन्नौद रोड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें अवैध रेत परिवहन करते हुए 4 वाहनों को पकड़ा गया।

जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं 1 डंपर को जब्त किया गया। सभी वाहनों को अभिरक्षा में लेकर चापड़ा एवं कन्नौद में खड़ा कराया गया है। संबंधित वाहन चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी रश्मि पांडे के नेतृत्व में सहायक खनिज अधिकारी राजकुमार वराठे, हिम्मत सिंह, सचिन मंडलोई, दीपक पटेल एवं बबलू पटेल सहित पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों का विशेष सहयोग रहा।

ब्रह्मबन्धुत्व संस्था ने किया पं .स्थापक का सम्मान

देवास। पं महेन्द्र स्थापक द्वारा परिवार सहित स्वयं की कार से स्वयं कार चलाते हुए 3500 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा पूर्ण करने पर ब्रह्म बन्धुत्व संस्था बीएनपी देवास द्वारा संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पंडित के नेतृत्व में महेन्द्र स्थापक का हार फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया।

संस्था के पूर्व महासचिव मधुसूदन शर्मा ने बताया कि स्थापक ने 3500 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर पुण्य लाभ लेने के साथ साथ सनातन परंपरा को कायम रखने में सहयोग प्रदान किया है। संस्था के सभी सदस्यों ने श्री स्थापक का सम्मान कर उन्हे इस कठिन यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पं सुरेश व्यास,पं चन्द्रशेखर जोशी, पं जगदीश कानूनगो, पं अशोक चौबे, पं मांगीलाल तिवारी पं राधेश्याम तिवारी, पं डी पी शुक्ला, पं विष्णु पुराणिक, पं दिलीप व्यास, पं आर के रावल, सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी पं अशोक चौबे ने दी।

बावने संभागीय संगठन मंत्री नियुक्त

देवास। अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार भोई निषाद समन्वय समिति मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मदनलाल कहार ने समाज के संगठन को विस्तार देने हेतु संभागीय संगठन मंत्रियों की नियुक्ति की है। जिसमें इंदौर संभाग प्रभारी दिनेश बावने, उज्जैन संभाग अम्बालाल चौहान, भोपाल, नर्मदापुरम खेमचंद केवट, ग्वालियर संभाग ब्रज किशोर बाथम, चम्बल संभाग में दर्शनलाल बाथम को मनोनीत किया है। इनकी नियुक्ति पर मप्र के समाज में हर्ष व्याप्त है।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जमानत पर रिहा

देवास। औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस द्वारा बैंक रिकवरी कर्मियों पर की गई एफआईआर जिसमे बैंक रिकवरी कर्मी जो कि एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष भी है, उस पर व एक और निजी बैंक कर्मी साथी छोटेलाल पर एक तरफा कार्यवाही करते हुए बीएनएस की धारा 126(2), 296(ए),115(2),351(3),308(2),308(3),308(4), 3(5) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया।

इस पर अधिवक्ता प्रवीण शर्मा, मुकेश शर्मा, मनीष चौधरी, जितेंद्र सिंह गौड़ ने पैरवी कर जमानत अर्जी लगाई जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर जमानत पर रिहा किया। गौरतलब है कि श्रीकांत चौहान एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष होकर बैंक के लिए रिकवरी का काम करता है जब श्रीकन्त और साथी छोटेलाल ने मारुति अर्टिगा के मालिक से कहा कि आपकी कार पर हमारे बैंक से फाइनेंस है, इसकी किश्त जमा करें लेकिन कार मालिक ने श्रीकांत और छोटेलाल को धमकाते हुए गली गलोच की और 112 डायल कर पुलिस को बुलवाया, जिस पर थाने पर दोनों पक्षों ने बात रखी , लेकिन पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए श्रीकांत और छोटेलाल पर प्रकरण दर्ज कर जिस मामले में मुचलके पर छोड़ने का प्रावधान था, उसमें रातभर हवालात में रखा और त्रिनेत्रम के तहत गिरफ्तारी दर्शाई जबकि खुद श्रीकांत और छोटेलाल थाने पर पहुंचे और बदतमीजी पर भी आवेदन दिया पुलिस की एकतरफा कार्यवाही का शिकार दो नौजवान हुए। कोर्ट ने मामले को समझने पर जमानत पर रिहा किया है।

फायर सेफ्टी और वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला

देवास। नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा फायर सेफ्टी एवं वेस्ट मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यशालाओं आयोजित की , कार्यशाला के दौरान ट्रेनर विशाल जोशी व अरुण तोमर द्वारा ए.एस.बी इन्फोटेक कंपनी के कर्मचारियों को आग से बचाव के आधुनिक तरीकों, अग्नि शमन यंत्रों के संचालन और अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान के बारे में शिक्षित करना है। ये कार्यशालाएं कार्यस्थल पर सुरक्षा जोखिमों को कम करने और आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करती हैं। कार्यशाला के दौरान कार्यस्थल पर फायर सेफ्टी अग्निशामक यंत्रों का सही उपयोग, आपातकालीन रिस्पांस और बचाव के साधन के साथ वेस्ट मैनेजमेंट कचरे का उचित प्रबंधन, खतरनाक अपशिष्ट का सुरक्षित भंडारण और निपटान, जो आग के खतरों को कम करता है।कार्यशाला में मॉक ड्रिल और रिफ्रेशर रूल पर विस्तृत बताया समझाया गया।

निगमायुक्त ने किया माताजी का पूजन

देवास। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने माता टेकरी पर विराजित मां तुलजा भवानी एवं मां चामुंडा माता की पूजन कर माता से आशीर्वाद लिया। उन्होंने देवास शहर की सुख-समृद्धि और शहर वासियों के स्वस्थ जीवन की कामना की। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माता का आशीर्वाद लिया गया।

एक नजर में — यज्ञ हवन के बाद प्रतिदिन कन्याओं को कराया जाएगा भोजन

संत महात्माओं के सानिध्य में मां चामुंडा सेवा समिति सेवा पंडाल का शुभारंभ

देवास। चेत्रीय नवरात्रि महापर्व पर घट स्थापना के साथ सीढ़ी मार्ग स्थित उदासीन मठ पर मां के दरबार में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा सेवा पंडाल का शुभारंभ किया गया

ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, स्वामी रामनारायण जी महाराज, पूर्णानंदजी महाराज के सानिध्य में एवं जनप्रतिनिधि विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, मां चामुंडा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर ऋतु राज, एसपी पुनीत गहलोत, बैंक नोट प्रेस के मुख्य महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्रा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस के मार्गदर्शन में गुरुवार को सुबह मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया । समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया कि सेवा पंडाल पर 9 दिनों तक भक्तों को निशुल्क फरियाली छाछ वितरित की जाएगी। साथ ही 9 दिनों तक पंडित देवी शंकर तिवारी के आचार्यत्व में प्रतिदिन सुबह 9 से 11बजे तक यज्ञ हवन होगा। 11 से शाम 5 बजे तक छाछ का वितरण किया जाएगा। यज्ञ हवन के बाद प्रतिदिन कन्याओं को भोजन कराया जाएगा। श्रद्धा श्रद्धालुओं की सेवा में प्रतिदिन मां चामुंडा सेवा समिति पदाधिकारी नरेंद्र मिश्रा, अध्यक्ष प्रताप सिंह मेहता, उमेद सिंह राठौड़ राजेश गोस्वामी, इंदरसिंह गौड़, ओमप्रकाश पटेल, दिनेश सांवलिया, नारायण व्यास, कमल चावला, मुकेश गुप्ता, राधेश्याम पड़ियार अभिषेक अवस्थी, कमल चौहान, ठाकुर सिंह मातृशक्ति मंजू जलोदिया, प्रेमलता चौहान सुधा सोलंकी आदि समिति के समस्त सेवाधारी, पदाधिकारी अपनी सेवाएं देंगे।

जुआ खेलते आठ आरोपी गिरफ्तार

सतवास। पुलिस टी. आई. विक्रांत झाझोट ने अवैध जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सिंदरानी के पास जंगल में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार्रवाई की, जहां जंगल में 7 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया, जबकि कुछ आरोपी जंगल और खुले क्षेत्र का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से कुल 15 हजार 600 रुपये नगद, 52 ताश पत्ते और 9 मोटरसाइकिल जब्त की हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।